हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



10 शिक्षक हेमंत खुटे को मिला लक्ष्मी देवी सुगंधी स्मृति...



11 कोटवारों के वेतन संबंधी समस्या के निराकरण...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### निगम अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट आज व कल



**महासमुंद।** बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) छग शासन चंद्रहास चंद्राकर 26 व 27 जुलाई को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट करेंगे। चंद्राकर 26 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक तथा रविवार 27 जुलाई को सुबह 11 से 12 बजे तक कार्यकर्ताओं व आमजनों से भेंट कर समस्याएं सुनेंगे। इसके अलावा 27 जुलाई को सुबह 8 बजे वार्ड 18 गुरूडरूपारा तालाब मेड़ पर पौधरोपण करेंगे।

### शराब दुकान में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भुरकोनी के शराब दुकान में मारपीट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। तेंदूकोना पुलिस ने बताया कि डिगेंद्र बघेल 24 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे शराब भट्ठी भुरकोनी में शराब लेने गया था। वहीं पर शराब भट्ठी के सामने कुछ देर बाद देखा भुरकोनी के धन्नू ठाकुर व पोखराज यादव किसी व्यक्ति से वाद-विवाद हो रहे थे, जब प्रार्थी ने उनसे कहा कि लड़ाई झगड़ा क्यो हो रहे हो, तब दोनों ने एक राय होकर मारपीट शुरू कर दी। उसी समय भुरकोनी का हरिराम सागर ने लड़ाई-झगड़ा क्यों हो रहे हो कहकर पूछा तो दोनों आरोपियों ने एक राय होकर उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 118,3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**बारिश : शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश, जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी**

# दिनभर हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, खेत-तालाब लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर सहित जिले भर में शुक्रवार का दिन बरसात से तरबतर करने वाला रहा। सुबह से लगतार बारिश होती रही जिससे जनजीवन धीमा रहा। साथ ही मुख्यालय में शुक्रवार अवकाश के चलते अधिकतर दुकानें भी बंद रही। लगातार बारिश के कारण खेतों ना नजारा तालाब जैसा रहा। धीमी लेकिन लगातार बारिश से खेत लबालब हो गए। बता दें कि मौसम विभाग ने जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

गुरुवार को सुबह से लेकर शाम तक बारिश होते रही। गुरुवार की सुबह से मौसम में बदलाव देखने को मिला एवं 10 बजे से दिन भर बारिश होती रही। इससे मौसम में काफी ठंडकता आ गई है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने 28 जुलाई तक जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में अति से भारी बारिश होने की संभावना बनी है

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी के




मौसम विभाग ने महासमुंद जिले के साथ अन्य जिले रायगढ़, जांजगीर व बिलासपुर जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है, साथ ही मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सूरजपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, मुंगेली,, शक्ती, कबीरधाम, राजनांदगांव, बालौद व मोहला-मानपुर के के लिए लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इससे इन जिलों के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जो अगले 24 घंटे में इसके और अधिक प्रबल होकर चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने की संभावना बन रही है। वहीं मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। साथ ही एक द्रोणिका विदर्भ से उत्तर बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर बना हुआ है। इससे शुक्रवार को जिले के अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी बारिश हुई है।

### आज 18.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2025 से अब तक 439.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 575.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 504.8 मिलीमीटर, बसना में 484.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 373.3 मिलीमीटर, महासमुंद में 372.5 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 326.0 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 25 जुलाई को 18.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 49.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 34.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 25.1 मिलीमीटर, महासमुंद में 2.2 मिलीमीटर एवं बागबाहरा तहसील में 0.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### रिटायर्ड सीईओ के घर से ढाई लाख की चोरी

**महासमुंद।** बसना निवासी व रिटायर्ड सीईओ के घर से एक लाख के जेवर की चोरी के मामले में रिपोर्ट लिखाई गई है। पुलिस को जनपद पंचायत से रिटायर्ड सीईओ व बसना निवासी राधाकांत कर ने बताया कि वह 27 जून को शाम 4 बजे अपने परिवार के साथ ग्राम तोषगांव रथयात्रा देखने के लिये गया था। रात करीबन 9 बजे वापस बसना घर आने के बाद उनकी पत्नी विनीता ने पहने हुए एक नग सोने का हार व एक जोड़ी सोने के कंगन को उतार कर आलमारी के अंदर रखा था और आलमारी को लॉक कर चाबी को पास के ड्रेसिंग टेबल पर रख दिये थे। इसके बाद 30 जून को जब उनकी पत्नी विनीता कर ने जब आलमारी को खोलकर देखा तो जेवर बॉक्स में रखा एक नग सोने का हार वजन 50.36 ग्राम, एक जोडी सोने का कंगन वजन 38.935 ग्राम जुमला 2,53,163 रुपए नहीं था। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शराब की अवैध बिक्री के पांच मामलों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के भंवरपुर चौकी अंतर्गत अवैध बिक्री के पांच मामलों में प्रकरणों में पांच व्यक्तियों के कब्जे से 24 हजार रुपए का 120 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया था कि सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले के उपर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था, जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों व सायबर सेल महासमुंद की टीम



द्वारा अपने अपने क्षेत्र मे लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरो को सजग कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले एवं मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था।

इसी बीच 25 जुलाई मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हेड़सपाली में पांच अलग अलग स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने ग्राम हेड़सपाली में पांच अलग अलग स्थानों में घेराबंदी कर अवैध शराब सहित 05 व्यक्तियों को पकड़ा गया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी कलशराम प्रेमी पिता नवधा प्रेमी (32साल) हेड़सपाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से दो नग सफेद रंग की 10- 10 लीटर वाली प्लास्टिक जरकिन मे एवं 01 - 05लीटर वाली सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन में पांच लीटर हाथ भट्टी देशी महुआ शराब कुल लगभग 25 लीटर कीमत 5000 रुपए, आरोपी प्रेमलाल साहू पिता फिरतराम साहू (29 साल) हेड़सपाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से एक सफेद रंग प्लास्टिक थैला के अंदर रखा सफेद रंग की 20लीटर वाली प्लास्टिक जरीकेन में करीब 20 लीटर एवं एक सफेद रंग की पांच लीटर वाली जरीकेन जिसमें करीब तीन लीटर हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब जुमला करीबन 23 लीटर कीमत 4,600, गेंदलाल प्रेमी पिता नवधा प्रेमी (40 साल) हेड़सपाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन 20 लीटर वाली जिसमें भरा 20 लीटर हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब जुमला करीबन 20 लीटर कीमत 4000 रुपए, आरोपी धनेश कुमार जांगड़े पिता चंद राम जांगड़े (36 साल) हेड़सपाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से दो सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में सफेद रंग के तीन जरीकेन 10- 10 लीटर वाली में भरी हुई हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए, सुधाराम प्रेमी पिता लटीराम प्रेमी (62 साल) हेड़सपाली चौकी भंवरपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के 20 लीटर वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब करीबन 20 लीटर एवं एक प्लास्टिक बॉटल दो लीटर वालीमें करीबन दो लीटर हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब कुल 22 लीटर जुमला कीमत 2, 200 रुपए को जब्त किया गया इस तरह पांच प्रकरणों में पांच व्यक्तियों के कब्जे से कुल 120 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 24,000 रुपए को जब्त 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

# डेढ़ लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बागबाहरा पुलिस ने की कार्रवाई वाहन और मोबाइल भी जब्त

गांजा का अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर जाने जिले की बागबाहरा पुलिस ने ओडिशा निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से डेढ़ लाख का दस किलो गांजा जब्त हुआ। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। बागबाहरा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति झलप की ओर से टीवीएस जुपिटर वाहन में अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहा है। इसके बाद पुलिस ने दारगांव चौक झलप रोड के पास पहुंच कर वाहन क्रमांक ओडी 26 जी 9776 को रोका और वाहन चालक से पूछताछ की। जिस पर उसने अपना नाम जितेंद्र प्रधान उर्फ कुनु पिता बलभद्र प्रधान (39 वर्ष) लखना थाना लखना जिला नुआपाडा ओडिशा के कब्जे से करीब दस किलो गांजा कीमत 1,50,000 रुपए को जब्त किया। साथ आरोपी के कब्जे से टीवीएस जुपिटर वाहन कीमत 1,00,000 रुपए, मोबाइल भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को खरियार रोड ओडिशा के गुड्डु खान पास से लाकर उसके द्वारा दिए गए मोबाईल लोकेशन पर गांजा को छोड़ने की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# रोजगार सहायकों के अनुभव अंकों में कटौती, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## ग्राम पंचायत सचिव भर्ती में अनुभव अंक घटाने पर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत सचिवों की भर्ती में ग्राम रोजगार सहायकों को अनुभव के आधार पर मिलने वाले अंकों में भारी कटौती किए जाने के विरोध में महासमुंद जिले के ग्राम रोजगार सहायक संघ ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। संघ की ओर से जिलाध्यक्ष राजू तांडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पूर्व की भांति अधिकतम 30 अनुभव अंक दिए जाए, जिससे वर्षों से सेवा दे रहे सहायकों के साथ अन्याय न हो। गौरतलब है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हाल ही में जारी भर्ती मार्गदर्शिका में ग्राम रोजगार सहायक के अनुभव के लिए केवल 5 अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि पूर्व में यह 30 अंक (प्रत्येक वर्ष के लिए 3 अंक) हुआ करते थे। प्रतिनिधिमंडल ने 16 अप्रैल 2015 को जारी पुराने निर्देश का हवाला देते हुए मांग की कि उसी आधार पर पुनः 30 अनुभव अंक प्रदान किए जाए।

### वर्षों की सेवा का यह मूल्यांकन अनुचित, जताई आपत्ति

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम रोजगार सहायक वर्ष 2006 से निरंतर पंचायतों में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। कई सहायक 10 से 15 वर्षों से



अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में जारी मार्गदर्शिका में अनुभव अंकों को घटाकर केवल 5 करना न केवल उनके साथ अन्याय है, बल्कि यह उनके मनोबल को भी आहत करने वाला निर्णय है। बसना ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार सिदार ने बताया कि हमारे ग्राम रोजगार सहायकों ने सीमित संसाधनों में भी ईमानदारी से कार्य किया है। अब जब उन्हें सचिव बनने का अवसर मिल रहा है, तब अनुभव का महत्व कम करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष छन्नूलाल डहरिया ने भी चिंता जताते हुए कहा कि यह कटौती वरिष्ठ सहायकों के अवसरों को छीनने जैसा है। सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा, वर्तमान प्रक्रिया में अनुभव को तवज्जो न देना उन सभी लोगों की मेहनत को अनदेखा करना है, जिन्होंने पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया है। पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष डागेश्वर यादव ने बताया कि पहले से ही रोजगार सहायकों को नियमित करने की दिशा में सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है और अब जब भर्ती का मौका आया तो अनुभव के आधार पर वरीयता का लाभ भी छीना जा रहा है।

### सहानुभूतिपूर्वक विचार की अपील

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि ग्राम सचिव भर्ती प्रक्रिया में अनुभव अंकों को पूर्ववत अधिकतम 30 अंक रखा जाए, ताकि वरिष्ठ ग्राम रोजगार सहायकों को वास्तविक योग्यता के आधार पर प्राथमिकता मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर महासमुंद से आग्रह किया कि वे इस संबंध में शासन स्तर पर संज्ञान लें और आवश्यक अनुशंसा करें।

### कलेक्टर से सकारात्मक पहल की उम्मीद

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि कलेक्टर इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि मांग पर विचार नहीं किया गया, तो जिले भर के ग्राम रोजगार सहायक आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं।

# बिना अनुज्ञा कृषि उत्पाद विक्रय पर छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर कृषकों की शिकायत प्राप्त होने पर कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में सरायपाली स्थित फर्म एएसआर ऑनलाइन मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, आकाशवाणी रोड के गोदाम में छापा मारा गया। उक्त कार्रवाई कृषि उर्वरक/ कीटनाशी निरीक्षक बीएल मिर्धा द्वारा की गई, जिसमें फर्म द्वारा बिना वैध अनुज्ञा पत्र के कृषि उत्पादों का विक्रय करते पाए जाने की पुष्टि हुई।

निरीक्षण के दौरान गोदाम से निम्न सामग्री जप्त की गई। जिसमें मैजिक ड्रॉप 91.5 लीटर, प्लांटों पावर 554 लीटर, रूट बूस्ट अज्ञात मात्रा, नीम गोल्ड यूरिया 3 बैग, बायो काप डीएपी 5 बैग, एक्टिव प्लस 3 नग शामिल है। जब्तशुदा सामग्री को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा नियम 1971 के प्रावधानों के तहत सुरक्षित रखा गया है एवं नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा कृषकों के हित में ऐसी अनियमित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना अनुज्ञा कृषि इनपुट का क्रय-विक्रय कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### सब्जी बनने में हुई देरी तो बेटे ने पिता पर किया लाठी से प्रहार

**भंवरपुर।** भोजन मांग रहे बेटे को सब्जी बनने में देरी नागवार गुजरी और आक्रोश में उसने अपने पिता पर ही लाठी से हमला कर दिया। जिले के बसना थानांतर्गत भंवरपुर चौकी में प्रार्थी पुक सिंह सिदार द्वारा गुरुवार को लिखाई गई रिपोर्ट में बताया है कि उसका अपने बेटे दिनेश सिदार (22 वर्ष) से भोजन को लेकर विवाद हो गया। पुक सिंह ने पुलिस को बताया कि बताया कि बेटा भोजन मांग रहा था, लेकिन सब्जी बनने में समय लग रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच बहस बढ़ गई। आरोप है कि उसके गाली-गलौज करते हुए उसके पुत्र दिनेश सिदार ने लाठी-डंडों से अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी भंवरपुर ने प्रार्थी की लिखित शिकायत पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना का प्रत्यक्षदर्शी बड़कू देवांगन है। पुक सिंह सिदार का कहना है कि वह घायल हैं और अभी भी भयभीत हैं कि उनका बेटा दोबारा हमला कर सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सैकड़ों भक्तों ने लिया सुंदरकांड पाठ का आनंद



**रायपुर।** शुक्ला परिवार ने अपने निवास में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजकर्ता आशीषा शुक्ला ने हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि इसी आस्था के चलते वे नियमित रूप से ऐसे आयोजन करते हैं। यह कार्यक्रम सामुदायिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा, राम शर्मा, नवीन शर्मा, हरीश शुक्ला, संगीता व्यास, राजेश तिवारी आदि शामिल हुए।

### मानिकलाल को मिली निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर




**रायपुर।** हरेली अमावस्या के अवसर पर चरामेति फाउंडेशन द्वारा जीई रोड स्थित जीत टॉवर में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कबीरधाम के ग्राम बिनौरी निवासी मानिकलाल चतुर्वेदी को निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान की। साथ ही अभनपुर के ग्राम बकतरा निवासी पिंटूराम साहू को चरामेति विकलांग सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया गया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्णभक्त जोशी, हरीश भाई कोटक, बीके नंदा, संतोष तनवानी, रमेश राव, रिंकू पारवानी, राकेश कुमार शर्मा, मनहरण लाल साहू, डीके पात्रिकर, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### हरेली पर्व पर छतौना में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्राम पंचायत छतौना, विकासखंड आरंग में छत्तीसगढ़ का पहली तिहार 'हरेली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खेती उपकरण का पूजा किया इस उपरांत हरेली तिहार के अवसर मे वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमे ग्राम के सरपंच - भोजराज यदु, उपसरपंच- नयन यादव एवं पंचगण - नारद यादव, टीकम रात्रे, हीरालाल बंजारे, सुनील बारले, पंच प्रतिनिधि- युवराज साहू, संतु गायकवाड़ और मेहतरू शामिल थे।

## बेलसोंडा में हरेली पर हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार हरेली पर हरियाली दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि गांव के लोगों, विशेषकर महिलाओं के लिए अपने बचपन की यादों को ताज़ा करने और व्यस्त जीवन से कुछ पल निकालकर मनोरंजन करने का एक सुनहरा अवसर बना।

कार्यक्रम में विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जनाउला, फुगड़ी, खो-खो जैसे खेलों में महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर प्रतिवर्ष यह आयोजन कराती हैं। चंद्राकर का कहना है कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति हमारे धरोहर है, उन्हें जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। खेल के प्रतिभागी विजताओं को मुख्य अतिथि सरपंच प्रीति धीवर, विशिष्ट अतिथि पंचगण कुंती धीवर, वीणा धीवर, नेहा धीवर, नर्मदा धीवर, वरिष्ठ शिक्षिका सुखबती कनौजे, दशोदा चंद्राकर के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

जनाउला के विजेता केजा धीवर, रूखमणी बाई, कुमारी धीवर, फुग्गा फोड़ में कुंती धीवर, फुगड़ी में कीति साहू रहे। कार्यक्रम में शीलू, भगवती, नेमिन, हुलास, तुलसी, दशोदा, रुक्मणी, दसमत, लक्ष्मी, अंजलि, मथुरा, कमला, सुशीला, दुलारी, रामबाई, मनटोरा समेत अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक में आगामी रणनीति पर हुई चर्चा



**पिथौरा (ग्रामीण)।** आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही जनसमस्याओं को लेकर आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव वदूत आलम ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आम जनता की आवाज़ को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पार्टी का विस्तार प्राथमिकता में है। जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी एक नई राजनीतिक क्रांति लाने की दिशा में काम कर रही है। बैठक में जिला सचिव एमडी सागर ने भी संगठनात्मक मजबूती और क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर अपने विचार रखे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन सिंह, प्रदेश महासचिव वदूत आलम, जिला सचिव एमडी सागर, खिरोद पटेल, जेपी मिरी, भुवनेश्वर साहू, पुनाराम निषाद, संजय यादव, महेश कर्ष, तिलकराम पटेल, टिकेलाल पटेल एवं सनत चौहान उपस्थित रहे।

## कौशल प्रशिक्षण केंद्र में प्रतिभागियों को नपाध्यक्ष ने दिए प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय स्टेशन रोड स्थित जन शिक्षण संस्थान में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पार्षद प्रीति बादल मक्कड़, ब्रिजेन बंजारे, निर्मल जैन रहे।

नपाध्यक्ष साहू व अन्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवा हुनरमंद बनकर अपना स्वरोजगार कर सकते हैं। कौशल विकास केंद्र आज युवाओं में स्किल डेवलपमेंट कर उन्हें आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान कर रहे हैं। इस तरह के आयोजनों से कौशल भारत, कुशल भारत अभियान की भावना और मजबूत होता है। साथ ही युवाओं को प्रोत्साहित व प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

# शिक्षक हेमंत खुटे को मिला लक्ष्मी देवी सुगंधी स्मृति सम्मान

### राज्य स्तर पर चुनी गईं पाँच प्रतिभाओं में शामिल हुए खुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




ख्यातिलब्ध पत्रकार, साहित्यकार और चिंतक स्वर्गीय ललित सुरजन जयंती पर राजधानी स्थित लोकायन सभागार में आयोजित व्याख्यान एवं सम्मान समारोह में पिथौरा के शिक्षक हेमंत खुटे को लक्ष्मीदेवी सुगंधी स्मृति शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

हेमंत खुटे को यह सम्मान शिक्षा क्षेत्र में उनकी एकनिष्ठ सेवा भावना, अनुकरणीय कर्मनिष्ठा, दीर्घकालिक सेवाकाल और नई पीढ़ी को उच्च संस्कार देने के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रदेश स्तर पर केवल पाँच प्रतिभाओं को दिया गया, जिनमें खुटे का चयन हुआ। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने की। प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. सुशील त्रिवेदी मौजूद रहे।

हेमंत खुटे की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, सचिव डॉ. वायके सोना, बिनोद कुमार लाल, मेजर डॉ. एचकेएस गजेंद्र, नंदकुमार चक्रधारी, प्रो. निधि सिंह, डॉ. पीआर धृतलहरे, डॉ. दिनेश मिश्रा, सोनित कुमार, अखिल भारतीय शतरंज संघ के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया, प्रदेश महासचिव विनोद राठी सहित कई अन्य शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।



### बम्हनी से जल लेकर सिरपुर के लिए हुए रवाना कांवरिए

**महासमुंद।** शुक्रवार को कांवरियों का जत्था बम्हनी स्थित बम्हनेश्वर नाथ महादेव से श्वेत गंगाजल कुंड से जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वर नाथ महादेव में जलाभिषेक करने रवाना हुआ। इस दौरान ऐतराम साहू, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, गुमान कोचर, योगेश लूनिया, आदित्य जैन, संभव कोचर आदि शामिल है।

## लगातार हो रही बारिश, किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

**रायपुर।** प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से किसानों ने अपनी खेती की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। खेतों में धान की रोपाई का काम तेजी से चल रहा है, विशेषकर मध्यम और देर से पकने वाली किस्मों की रोपाई जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरी करने का लक्ष्य है, जबकि जल्दी पकने वाली किस्मों की रोपाई दूसरे सप्ताह तक की जा सकती है। जहां पर किसानों ने बोता पद्धति से बोनी की है, वहां पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बोता खेत में बियासी व चलाई का काम शुरू हो गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिलों 40 प्रतिशत से अधिक रोपाई का काम पूरा हो गया है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश के बाद बियासी के कार्य में और तेजी आएगी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, मनेंद्रगढ़, सहित कई अन्य जिलों में 50 प्रतिशत तक धान की रोपाई पूरी हो चुकी है।

# कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग में बगैर आईडी कार्ड के कर्मचारी कर रहे ड्यूटी, हर दिन विवाद की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर कलेक्टोरेट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़ा करने के नाम पर हर दिन लोगों और पार्किंग व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। नगर निगम ने मल्टीलेवल में पार्किंग को निःशुल्क रखा है। इस कारण यहां वाहन पार्क करने आने वाले कई दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक अपना समय और पैदल कम चलना पड़े, यह सोचकर ग्राउंड और फर्स्ट लेयर की पार्किंग में खाली जगह नहीं होने के बाद भी आने-जाने वाले रास्ते पर वाहन को खड़ा करने का प्रयास करते हैं। इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी जब विरोध करते हैं, तो इस बात पर विवाद शुरू हो जाता है।

इस विवाद के दौरान कर्मचारियों के पास पार्किंग कर्मचारी की आईडी नहीं होने के कारण विवाद और ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण कई बार मल्टीलेवल पार्किंग का माहौल भी गरमाया रहता है। जिस तरह से पार्किंग में हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है, इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी भी अब पार्किंग की व्यवस्था का ठेका लेने वाले से आईडी कार्ड की मांग करने लगे हैं।

### *रात में भी विवाद की स्थिति*

*मल्टीलेवल में पार्किंग की व्यवस्था के लिए सिर्फ 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें तीन कर्मचारी दिन में और एक कर्मचारी की ड्यूटी रात में लगाई गई है। रात के समय कई वाहन चालक शराब के नशे में भी यहां वाहन पार्क करने पहुंचते हैं। इसे लेकर भी विवाद की स्थिति बनती रहती है। माहभर पहले कार सवार चार युवकों ने शराब के नशे में ग्राउंड फ्लोर में वाहन बैरिकेड्स को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी थी। इस घटना के बाद कर्मचारी भी डरे हुए हैं, क्योंकि कार सवार युवकों के खिलाफ पार्किंग ठेकेदार ने और न ही निगम ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज कराई।*




### दोपहिया वाहन के लिए ग्राउंड फ्लोर, चारपहिया भी हो रही पार्क

मल्टीलेवल के ग्राउंड फ्लोर को दोपहिया वाहन पार्क के लिए बनाया गया है। इसके बाद भी कई चारपहिया वाहन के चालक ग्राउंड फ्लोर में गाड़ी पार्क करते हैं। इधर कई दोपहिया वाहन चालक भी सामने जगह नहीं होने के बाद भी आवागमन के रास्ते पर वाहन पार्क कर चले जाते हैं, जिससे गाड़ियों को पार्किंग से बाहर निकालने में लोगों को परेशानी होती है।

### जब से बनी पार्किंग, तब से बगैर आईडी कार्ड, वर्दी के काम कर रहे कर्मचारी

कलेक्टोरेट-जिला पंचायत भवन के सामने 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग का जब से निर्माण हुआ है, तब से इस पार्किंग व्यवस्था का ठेका लेने वाले व्यक्ति ने अपने अंडर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को न ही आईडी कार्ड दिया है और न ही वर्दी दी है। शुरुआत में इस मल्टीलेवल में वाहन पार्किंग का शुल्क निर्धारित था। उस समय भी कर्मचारी बगैर आईडी कार्ड ही यहां ड्यूटी किया करते थे और अब जब यहां पार्किंग निःशुल्क है, तो भी यहां तैनात कर्मचारियों को आईडी कार्ड एवं वर्दी नहीं दी गई है। आईडी और वर्दी नहीं होने के कारण कई लोग पार्किंग की व्यवस्था संभाले लोगों को कर्मचारी नहीं मानकर उनसे विवाद कर बैठते हैं।

# जल्द होगी एमआईसी की बैठक 2 दर्जन से अधिक एजेंडे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 10 जोन से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण पर लगेगी मुहर
- मोवा में निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री के आरएफपी का एजेंडा शामिल



रायपुर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक जल्द होगी। इसमें नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण चर्चा के लिए रखे जाएंगे। पिछले 3 माह से एमआईसी की बैठक नहीं होने से बुजुर्गों, दिव्यांग और निराश्रित आवेदकों के सैकड़ों पेंशन प्रकरण लंबित हैं।

इन प्रकरणों को एमआईसी में रखा जाएगा, जिसमें चर्चा के बाद पात्रता के आधार पर मंजूरी दी जाएगी। वहीं नगर निगम की मोवा में नवनिर्मित पहली गारमेंट फैक्ट्री के दस्तावेज, नियम व शर्त संबंधी एजेंडा लाया जा रहा है। वहीं जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन को सरकारी कार्यक्रमों के अलावा बाकी के अतिरिक्त समय में पीपीपी मोड पर दिये जाने का प्रस्ताव शामिल है।

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में जल्द होगी। इसमें दो दर्जन से ज्यादा एजेंडे पर एमआईसी में चर्चा के बाद मुहर लगेगी। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि अगले सप्ताह एमआईसी की बैठक होनी है, इसके लिए विभागवार जनहित से जुड़े एजेंडे प्राप्त हुए हैं। इनमें गरीबों के पेंशन संबंधी प्रकरण शामिल हैं।

### मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का एजेंडा

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का सेटअप तैयार करने और इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने संबंधी एजेंडा एमआईसी में रखा जायेगा। विदित हो कि गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने रायपुर नगर निगम ने प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये खर्च कर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है। इसमें सालभर पूर्व शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालन के नियम व शर्तें सहित अन्य बातें इसमें शामिल होंगी। इसके साथ ही नगरोत्थान योजना के तहत मिली स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा, नामकरण के प्रकरण रखे जाएंगे।

# नया रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना के तहत कौशल्या विहार की तर्ज पर बनेगा नया विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) नवा रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना अंतर्गत कौशल्या विहार की तर्ज पर एक और स्मॉल स्मार्ट शहर बसाने संबंधी प्रोजेक्ट पर तैयारी कर रहा है। इस प्रोजेक्ट का नाम नया विहार बताया जा रहा है। इसके लिए एनआरडीए रायपुर और आरंग क्षेत्र से लगे आधा दर्जन ग्रामों की लगभग 436 हेक्टेयर भूमि चिन्हांकित की गई है। इसमें शासकीय भूमि के साथ कई निजी भूमि भी शामिल है, जिसे अधिग्रहण किया जाएगा। एनआरडीए ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी से पहले अधिसूचना जारी कर दावा-आपत्ति के साथ सुझाव भी मंगाए गए थे, जिसका समय खत्म हो चुका है। अब तक जितनी दावा-आपत्ति आई है, उनका परीक्षण कर निराकरण किया जा रहा है। इसके बाद इस योजना के प्रारूप को अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

### अधिसूचना मई में जारी

एनआरडीए नगर विकास योजना के तहत लाए गए प्रारूप से संबंधित अधिसूचना 19 मई 2025 को जारी कर चुका है। इस अधिसूचना के बाद अब इस प्रारूप पर अंतिम मुहर लगाने के लिए सप्ताहभर पहले दावा-आपत्तियां एवं सुझाव मंगाए गए थे। इसके लिए एनआरडीए नवा रायपुर, जिला कलेक्टर के एडीएम कक्ष के बाहर तथा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय रायपुर में शासकीय कार्यालयों में इस योजना से संबंधित प्रति भी चस्पा की गई है। सूत्रों के अनुसार 70 से 80 दावा-आपत्ति एवं सुझाव आए हैं, जिनका परीक्षण किया जा रहा है।

### इन ग्रामों को किया गया शामिल

प्रस्तावित योजना में ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी जैसे गांवों की भूमि को शामिल कर योजना का दायरा निर्धारित किया गया है। ये सभी गांव रायपुर एवं आरंग तहसील क्षेत्र से लगे हुए हैं।

### स्मॉल स्मार्ट शहर में

### सुनवाई का मिलेगा अवसर

इस योजना से प्रभावित होने वाले लोगों की दावा-आपत्ति पर जरूरत पड़ने पर सुनवाई का अवसर भी मिलेगा। सुनवाई के लिए एनआरडीए जल्द ही सूचना जारी करेगा। सूत्रों के अनुसार सुनवाई के लिए समिति बनेगी जो दावा-आपत्तियों पर सुनवाई कर इसका निराकरण करेगी।

### इस प्रोजेक्ट से रायपुर से नया रायपुर के बीच बढ़ेंगी सुविधाएं

कमल विहार की तर्ज पर इस प्रोजेक्ट को लाया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र भी स्मार्ट शहर के रूप में डेवलप होगा। एनआरडीए के इस प्रोजेक्ट से रायपुर और नया रायपुर के बीच सुविधाएं बढ़ेंगी।

– विनीत नायर
संयुक्त संचालक,नगर तथा ग्राम निवेष विभाग रायपुर

## संभाग कमिश्नर ने अस्वीकार की राज्य वक्फ बोर्ड की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के नयापारा स्थित खसरा नंबर 649 रकबा 4.62 की भूमि को लेकर नगर निगम रायपुर और छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के बीच चल रहे संपत्ति विवाद को लेकर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने वक्फ बोर्ड की अपील को अस्वीकार कर दिया है।

### वक्फ बोर्ड ने भूमि को उनके नाम पर दर्ज करने निगम से की थी मांग

नगर निगम और वक्फ बोर्ड के बीच इस भूमि को लेकर विवाद तब शुरू हुआ था, जब बोर्ड ने नजूल अधिकारी रायपुर को आवेदन देकर इस संपत्ति को नजूल अभिलेखों में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज करने की मांग की थी। इसके बाद इस प्रकरण पर ईश्तहार जारी किया था, लेकिन किसी ने आपत्ति नहीं की, लेकिन निगम इस पर बाद में आपत्ति दर्ज कर जानकारी दी थी कि यह खसरा नंबर की भूमि वर्ष 1920-21 और 1923-24 के दस्तावेजों के आधार पर पहले महकमा पुलिस और फिर म्यूनिसिपल कमेटी रायपुर के नाम पर दर्ज है। संभागायुक्त ने 23 जुलाई को दिए अपने आदेश में यह माना कि यह संपत्ति म्यूनिसिपल कमेटी के अचल संपत्ति रजिस्टर में दर्ज है और इसके कुछ हिस्सों को विद्युत विभाग को बेचा भी गया है। दस्तावेजों में यह भी उल्लेख है कि यह संपत्ति पहले महकमा पुलिस के नाम पर थी, जो बाद में म्यूनिसिपल कमेटी रायपुर के नाम हो गई।

## खबर संक्षेप



### पुष्पा के जीवन में महतारी वंदन योजना ने लाई रौनक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना महतारी वंदन योजना ने महासमुंद नयापारा की पुष्पा प्रजापति के जीवन में खुशियों की नई किरण लाई है। इस योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए उनके खाते में जमा हो रहे हैं, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और खुशहाली आई है। पुष्पा ने बताया कि पहले परिवार के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए बेटे और पति से पैसे मांगना पड़ता था। लेकिन अब इस योजना की मदद से न सिर्फ बच्चों के लिए ये चीजें खरीद पा रही हूं, बल्कि अपने लिए श्रृंगार सामग्री भी ले रही हूं। उन्होंने यह भी बताया कि अब बच्चों की पढ़ाई के लिए कुछ पैसे इस योजना से मिल रही राशि से जमा हो जाता है। पुष्पा ने कहा यह योजना हर विवाहित महिला के जीवन में रौनक लाने का काम कर रही है। सरकार ने हमारी तकलीफों और जरूरतों को समझकर यह योजना लागू की है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। निश्चित ही यह योजना गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और उनके परिवार की खुशहाली सुनिश्चित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है, बल्कि उनके परिवारों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### विद्यालय स्तरीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण हुआ समापन

**बागबाहरा।** फॉर्चून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम विषय (सामाजिक क्षेत्र में रोजगार की संभावना) के अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभभाचार्य स्नातक महविद्यालय महासमुंद के छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह 23 जुलाई को शाला प्रमुख निरंजन साहू द्वारा सामाजिक क्षेत्र में रोजगार की संभावना की जानकारी एवं दिव्यांग छात्र छात्राएं की शिक्षण में पाठ्यक्रम एवं सह पाठयक्रम में अपने अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त कर्मचारी व शिक्षकगण की उपस्थिति प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। शाला के प्राचार्य रश्मि साहू एवं लक्ष्मीप्रिया साहू, पुष्पलता पटेल, वर्षा चक्रधारी, भूमिका यादव, पार्वती ठाकुर, प्रीति यादव, लोकनाथ घृतलहरे, जगेंद्र तांडे, नरोत्तम बघेल आदि सभी गुरुजनों द्वारा शुभाशीष दिया। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में छात्राएं गीतांजलि साहू, नलिनी सिदार, मल्लिका नेताम, रूपा साहू, डिगेश्वरी साहू ने व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया और अपने कौशल को सशक्त बनाया। समापन समारोह में छात्रा को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# कोटवारों के वेतन संबंधी समस्या के निराकरण के लिए पहुंचे विधायक

## विधायक के निर्देश पर हुआ त्वरित भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोटवारों को वेतन संबंधी समस्याओं की जानकारी मिलने पर विधायक राजू सिंहा रायपुर रोड स्थित स्टेट बैंक शाखा पहुंचे। जहां विधायक सिन्हा ने कोटवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

कोटवारों ने बताया कि उनका वेतन अभी तक उन्हें नहीं मिल पाया है। इस कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने तुरंत शाखा प्रबंधक से चर्चा की एवं समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। विधायक के निर्देश पर शाखा प्रबंधक द्वारा तकनीकी समस्याओं को दूर कर त्वरित कोटवारों का वेतन भुगतान किया गया। योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप घोष, अखिलेश लूनिया उपस्थित रहे।

### सरायपाली क्षेत्र में विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने दी करोड़ों की स्वीकृति



**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन में महिला आयोग के सदस्य सरला कोसरिया के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य हेतु करोड़ो की स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार सत्ता की बागडोर संभाली है तब से चहु ओर विकास साय साय हो रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प पूर्ण हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य के लिए 1.20 करोड़ की स्वीकृति दी है, इसमें ग्राम केंदूढार में प्रेमसागर साहू घर आंगनबाड़ी तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, मोहदा में राम मंदिर से नागिनबर घर तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, मोहनमुंडा में सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, काकेनचुवा में सीसी रोड निर्माण 10 लाख, सलखण्ड के नरेश घर से फिरतु घर तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख, सलखण्ड के बाजार पड़ाव से टिकेलाल घर तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख, कुर्मीपाली के मकरध्वज घर से नाला तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख, पोटापारा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, आंवलाचक्का में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, बिरकोल के अशोक घर से देवलास घर तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, बिरकोल के विजय घर से सामुदायिक भवन तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, गिरसा के आंगनबाड़ी से शिवमंदिर तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, डूमरपाली के मोहित घर से महाराज घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए शामिल है।



### पवित्र माह श्रावण में महादेव की पूजा अर्चना करना सौभाग्यः योगेश्वर

**महासमुंद।** श्रावण माह का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम विधायक कार्यालय के समीप लगातार जारी है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुगण पुण्य अर्जित कर रहे हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को पूजन आरती में शामिल हुए और क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा एवं भाजपा नेता प्रशांत श्रीवास्तव भी शामिल हुए। एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं। सभी श्रद्धालुगण पूरे भक्ति भाव से महादेव की पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रत्येक श्रावण सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण भी किया जा रहा है। इस सोमवार 28 जुलाई को भी रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

### वर्गवार द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी, काउंसलिंग 28 को

**महासमुंद।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की वर्गवार द्वितीय प्रतीक्षा सूची एवं काउंसिलिंग की तिथि व समय का विवरण विभाग की वेबसाइट http://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने जिले के विद्यार्थियों को काउंसिलिंग फार्म भर कर अनिवार्य दस्तावेजों सहित 28 जुलाई 2025 को समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर छग में उपस्थित होने कहा है।

# पिकाडिली शराब फैक्ट्री को समोदा बैराज से पानी दिया तो होगा उग्र आंदोलनः विनोद

## 48 ग्रामों के हिस्से की पानी को शराब फैक्ट्री को देने की तैयारी, सरकार को हजारों ग्रामीणों की नहीं है चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में स्वीकृत समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना पर भाजपा सरकार की कुदृष्टि है। यह सरकार क्षेत्र के 48 ग्रामों तक पानी पहुंचाने की योजना पर पानी फेरने की मंशा से काम कर रही है। चंद्राकर ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज द्वारा निर्माणाधीन इंटेकवेल कार्य को रोकने तथा पानी नहीं दिए जाने तथा अनुबंध निरस्त करने की मांग की है। उन्होनें कहा है कि यदि शराब निर्माण के लिए पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज को पानी दिया जाता है तो 48 ग्रामों के ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने पत्र में कहा है कि समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 ग्रामों के 15238 परिवारों के 70 हजार आबादी को 12909 नल कनेक्शन के माध्यम से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना के तहत पानी देना



प्रस्तावित है। इसी बैराज से पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज को बीयर व शराब निर्माण के लिए जलापूर्ति किये जाने हेतु अलग से इंटेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो इन 48 ग्रामों को पानी देना संभव नहीं होगा। क्योंकि बीयर व शराब निर्माण के लिए अत्यधिक मात्रा में पानी की खपत होगी। उन्होंने कहा कि समोदा बैराज का जलभराव क्षमता 29.91 एमसीएम है। रायपुर जिला के ग्राम खरोरा स्थित अडानी द्वारा संचालित एक संयंत्र को इसी बैराज के जलभराव कुल क्षमता के 19 एमसीएम पानी की आपूर्ति की जा रही है। अब शेष 10 एमसीएम पानी में से खरोरा नगर पंचायत को भी नल-जल योजना के तहत इसी बैराज से पानी दिया जा रहा है।

**इन ग्रामों को दिया जाना है पानीः** समोदा बैराज से बंदोरा, छपोराडीह, खड़सा, जलकी, भोरिंग, पासिद, परसाडीह, अछरीडीह, अचानकपुर, बांसकुड़ा, अमलोर, सुकुलबाय, लहंगर, अछोला, गढ़सिवनी, घोड़ारी, बिरकोनी, सिरपुर, खैरझिटी, तेंदूवाही, अछोली, बोरिद, बिरबिरा, केडियाडीह, बरबसपुर, कुकराडीह, मोहकम, जोबा, मालीडीह, बेलटुकरी, पिरदा, चुहरी, पीढ़ी, कर्राडीह, मुड़ियाडीह, नांदबारू, बड़गांव, केसलडीह, फुसेराडीह, खिरसाली, गुडरूडीह, खट्टीडीह, खमतराई, रायकेरा, मरौद, सेनकपाट, कुहरी, अमावस को पानी देना प्रस्तावित है।

### सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री साय

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं बोर्ड परीक्षा 2025 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 27 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभागार (ऑडिटोरियम) डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल के पीछे जेल रोड रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित है। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा एवं अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि दयाल दास बघेल मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा, गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, पुन्नूलाल मोहले विधायक, डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिरवारा, दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, शेष हरबंश विधायक पामगढ़, हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़ की उपस्थिति में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी एवं बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

# आरंभ पब्लिक में हर्षोल्लास से मनाया गया हरेली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वन हेल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित आरंभ पब्लिक स्कूल में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी त्यौहार हरेली का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने खेती-किसानी से जुड़े उपकरणों की पूजा कर कृषि संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझा।

स्कूल के संचालक मिलिंद चंद्राकर ने बताया कि हरेली पर्व हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा है, जो हमें कृषि, प्रकृति और परंपराओं से जोड़ता है। आरंभ पब्लिक स्कूल में इस त्यौहार का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि बच्चों को हमारे ग्रामीण जीवन, किसान की मेहनत और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी अपने लोक पर्वों की गरिमा को जानें, उनके पीछे छिपे ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक मूल्यों को अपनाएं। हरेली जैसे पर्व बच्चों को जड़ों से जोड़े रखते हैं, और उनमें संवेदनशीलता, आभार और संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव पैदा करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में नीम की टहनियों को दरवाजों पर बांधकर और पारंपरिक गीतों के साथ हुई। बच्चों द्वारा हल, फावड़ा, गैंती, कुदाल आदि किसानी में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा की गई और गाय-बैलों को सजाकर उनका महत्व बताया गया। छोटे बच्चों ने पारंपरिक खेल गेड़ी चढ़ाई में भी भाग लिया, जिससे उनमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति उत्साह देखने को मिला। इस प्रकार हरेली पर्व ने न केवल बच्चों को स्थानीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य किया, बल्कि उन्हें प्रकृति और कृषि के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।




# वृंदावन विद्यालय में बाल कैबिनेट का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वृंदावन विद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं को विद्यालय के विभिन्न प्रभार व दायित्व सौंपने के लिए बाल केबिनेट का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन संचालिका सुजाता विश्वनाथन , उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री द्वारा ज्ञान कि देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। सरस्वती वंदना रेखा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख के द्वारा छात्रसंघ पदाधिकारियों के लिए छात्र छात्राओं का चयन उनके बौद्धिक क्षमता व कार्यकुशलता के आधार पर किया गया।

शाला बाल केबिनेट अध्यक्ष के लिए कक्षा 10वीं से ओजस घाडगे (हेड ब्वाय) व योगिता यादव (हेड गर्ल) व उपाध्यक्ष के लिए पूर्वांश निषाद (वाईस हेड ब्वाय) व ख्याति बंजारे (वाईस हेड गर्ल) का चयन किया गया। सचिव मौली पटेल, अनुशासन प्रभारी नमन साहू व प्रियंका साहू क्रीडा प्रभारी कवलजीत खन्ना व पूर्वा चंद्राकर, सांस्कृतिक प्रभारी हरप्रीत कौर व नारायणी दीवान, फोटोग्राफी प्रभारी शोएब कुरैशी व मुकेश ध्रुव, असैम्बली प्रभारी चेतना यादव व अजय चंद्राकर, चिकित्सा प्रभारी झरना साहू व मान्यता साहू गतिविधि प्रभारी प्रियांशी चंद्राकर, भूमि देवांगन। इसी क्रम में ब्लू हाउस का प्रभार लक्ष्मीराज साहू व माही बानो, रेड हाउस प्रभार नमन कुमार साहू व रक्षा पटेल, ग्रीन हाउस का प्रभार हर्षित शर्मा व क्विंजल किशन, यलो हाउस का प्रभार नंद कुमार खडिया व प्रियांशी चंद्राकर को दिया गया। तत्पश्चात कक्षा प्रतिनिधित्व का चुनाव किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी अ से तामेंद्र निषाद, कक्षा तीसरी ब से दिव्यांश दीप, कक्षा चौथी अ से प्रत्यांश गुप्ता व कक्षा चौथी ब से सनम परवीन खान, कक्षा पांचवी अ से प्रिंस कश्यप व कक्षा पांचवी ब से रिया ध्रुव, कक्षा छठवी से राज बाघ, कक्षा सातवी अ धनलक्ष्मी साहू व सातवी ब से अनु अग्रवाल, कक्षा आठवीं से कुमुद पटेल, कक्षा नवमी से हुलसी साहू, कक्षा दसवी से रक्षा पटेल, कक्षा प्रतिनिधि का चयन किया गया। संस्था के संचालिका सुजाता विश्वनाथन बच्चों को जीवन में उत्तरदायित्व व जिम्मेदारी ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षक अमन वर्मा द्वारा बच्चों को शपथ ग्रहण करवाया गया। शिक्षक प्रवीण साहू व शिक्षिका जागृति साहू, रिंकी कुर्रे द्वारा उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा साहू ने किया। अंत में उपप्राचार्या इंदु मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं संध्या सोना, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, हीना खान, होमेश साहू, दीपशिखा गायकवाड़, तुषार निर्वाण का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### झालखम्हरिया सोसाइटी परिसर में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बैंक सीईओ अपेक्षा ब्यास, डीआर, बैंक अधिकारी एसपी चंद्राकर, सुनीता, ब्यास, नोबल अधिकारी शर्मा, शाखा प्रबंधक राणा, राजेश गोले, साजिद रजा, समिति अध्यक्ष श्याम साकरकर, समिति प्रबंधक भोजराम साहू सहित सदस्यगण उपस्थित थे।



### शेर सोसाइटी परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान अंतर्गत ग्रामीण सेवा सहकारी समिति का मुख्यालय शेर में प्राधिकृत अध्यक्ष हरेंद्र साहू और समिति प्रभारी परमेश्वर यादव और समिति कर्मचारी नरेंद्र साहू, धनसाय साहू, भारत साहू, तोरण विश्वकर्मा, राम नारायण साहू, कन्हैया साहू, पुष्पलता साहू, रतनलाल साहू आदि मौजूद रहे।

### संगठन विस्तार को लेकर कवायद शुरू

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कवायद शुरू हो गई है। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग रखी गयी है और उसके बाद जोन स्तरीय सम्मेलन रखा जाएगा। जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।



### ऑयल पॉम की खेती को प्रोत्साहन देने जिले में किसानों को मिलेगा अनुदान का लाभ

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पॉम योजना संचालित की जा रही है। राज्य में ऑयल पॉम की व्यावसायिक खेती की संभावनाओं को देखते हुए इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में महासमुंद जिले में विशेष पहल की गई है, जिससे कृषकों को आर्थिक सहायता के साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा है। सहायक संचालक उद्यान पायल साव ने बताया कि ऑयल पॉम पौधरोपण के चतुर्थ वर्ष में फलन प्रारंभ हो जाता है तथा इसके फलों की खरीदी संबंधित कंपनी द्वारा की जाती है। जिले में वर्ष 2025-26 के लिए योजना अंतर्गत किसानों को विविध लाभ प्रदान किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# ईको क्लब आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर ने फिर से रचा इतिहास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर**

- मिशन लाइफ, ईको क्लब व मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर किया गया पौधरोपण

अंचल का गौरव व शिक्षा की धुरी बन चुका स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर अपने बहुउद्देशीय कार्यों से अनवरत रुप से छात्र-छात्राओं के भविष्य को सशक्त, समर्थ, सुशिक्षित व सुसंस्कारित बनाने में समर्पित है। ईको क्लब के माध्यम से अपने छात्र-छात्राओं में पर्यावरणीय दायित्वों व कर्त्तव्यों का विकास करना इन्हीं उद्देश्यों की परिपूर्ति है।

विद्यालय के युगदृष्टा प्राचार्य टीके पटेल द्वारा सुचारु अध्यापन व्यवस्था के साथ ही साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों का भी सुव्यवस्थित संचालन होता है। उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा शिक्षा, दीक्षा, परीक्षा, वैज्ञानिकता, नैतिकता, साहित्यिक, सांस्कृतिक, अनुसंधानात्मक, प्रयोगात्मक, व्यवहारपरक, चारित्रिक, सामाजिक व नेतृत्व के गुणों का यथोचित विकास करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में ईको क्लब सेजेस भंवरपुर, एक पेड़ मां के नाम तथा मारवाड़ी युवा मंच भँवरपुर के अध्यक्ष नवरतन अग्रवाल व अग्रवाल समाज भंवरपुर के अध्यक्ष बसंत अग्रवाल के मिशन लाईफ अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर द्वारा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य अनवरत जारी है। विद्यालय प्रांगण में लगभग 80 पेड़ जीवित अवस्था में हैं, जो कि पूरे अंचल के लिए अनुकरणीय है। विद्यालय के प्राकृतिक संवर्द्धन हेतु परिसर में फूल के पौधे लगाए गए हैं। ईको क्लब प्रभारी डी.पी. पटेल व वरिष्ठ व्याख्याता एनके दीवान व ईको क्लब के सभी कर्मठ व समर्पित सदस्यों व मारवाड़ी युवा मंच भंवरपुर के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण को समृद्ध करने के उद्देश्य से वृहत स्तर (पूरे भंवरपुर अंचल हेतु) पर 100 पौधों का रोपण गढ़ मैदान (गौशाला), तहसील परिसर व उप स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर में किया गया। जिसमें कदंब, अमरुद, कन्हेर, बांस, नींबू आदि पौधों का रोपण किया गया। रोपण पश्चात उनकी सुरक्षा व संवर्द्धन की योजना भी बनाई गई।




### विद्यालय परिसर में रोपे गए अशोक व कदम्ब के पौधे

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यालय परिसर में भी अशोक व कदम्ब के पौधे लगाए गए। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एसएल चौहान, ए भोई, डीके दास, डीके बंधु, पीके बारीक, एचआर चौहान, आर देवांगन, एसके भोई व जीएस पटेल शामिल हुए। शिक्षकों द्वारा रोपित पौधों के लिए ट्री गार्ड प्रदान करने की बात कही गई। निश्चित रुप से यह कार्य पर्यावरणीय दृष्टिकोण से प्रशंसनीय है। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता पीके निर्मलकर द्वारा व्यक्तिगत रुप से इस कार्य की प्रशंसा व उत्साहवर्द्धन किया गया।

### कार्य में इनका रहा योगदान

इस महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय कार्य में मारवाड़ी युवा मंच भंवरपुर से नवरतन अग्रवाल, अग्रवाल समाज भंवरपुर के अध्यक्ष बसंत अग्रवाल, समाज के कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, छोटेलाल अग्रवाल व गौरक्षक छोटेलाल चौहान एवं ईको क्लब के ऊर्जावान, कर्मठ व समर्पित सदस्यगणों (छात्रगणों) में कृष्णा चौहान, भूमेश भोई, मिथिलेश बैस, सुमीत टण्डन, राज विश्वास, रोशन निषाद, पंकज पटेल, सरोजनी चौहान, कन्हैया यादव, रमन भोई, समीर उइके, रुप कुमार सिदार, चंद्रकांत पोर्ते, सुभाष कश्यप, आयुष साहू व अविनाश चौहान आदि का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार मिशन लाइफ के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।

## समस्या : नेशनल हाइवे में जुड़ने वाली झलप-छिलपावन मार्ग बनी मुसीबत

# सर्विस रोड बना जानलेवा, जिम्मेदार मौन!

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप**

- एनएच 53 से बागबाहरा-झलप मार्ग पर गड्ढों और जलभराव से बिगड़ रहे हालात, हादसों की भरमार

एनएच 53 से जुड़ने वाले सर्विस रोड और झलप-छिलपावन-बिजली ऑफिस मार्ग अब राहगीरों के लिए मुसीबत का रास्ता बन चुका है।

सर्विस रोड पर जल निकासी के लिए बनाई गई नाली जगह-जगह धंस चुकी है, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरने से खतरा और भी बढ़ गया है। बाइक और कार सवार कई बार इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।



### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

स्थानीय लोगों की माने तो इन गड्ढों की मरम्मत में केवल दिखावटी काम किया जा रहा है। मिट्टी और कुछ पत्थरों से अस्थायी रूप से भराव कर दिया जाता है, जो पहली ही बारिश में बहकर सड़क को और भी खतरनाक बना देता है।

### गंदगी और बदबू से त्रस्त जनता

नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण कचरे से वे पट चुकी हैं। बरसात में पानी बाहर आकर सर्विस रोड पर बहता है, जिससे न केवल फिसलन होती है बल्कि बदबू से दुकानदार और आसपास के रहवासी परेशान हैं।

### हाईवे प्रशासन कब जागेगा?

स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई को इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। जलनिकासी की व्यवस्था, गड्ढों की स्थायी मरम्मत और भारी वाहनों की निगरानी जैसे उपाय जरूरी हैं, वरना एक बड़ी दुर्घटना कभी भी जनहानि का कारण बन सकती है।

### जनता की मांग

सर्विस रोड और झलप मार्ग की तत्काल मरम्मत, नियमित नाली सफाई व्यवस्था, भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो।

### झलप से बिजली ऑफिस तक की सड़क बेहाल

बागबाहरा से झलप मार्ग पर छिलपावन और बिजली ऑफिस के बीच की सड़क तो जैसे गड्ढों की श्रृंखला बन चुकी है। जगह-जगह उखड़ी सड़कें, गड्ढे और कीचड़ से होकर गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासन मौन है।

### भारी वाहनों की दबाव से बिगड़ा हाल

ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आने वाले बाहरी वाहन, टोल टैक्स बचाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें और तेजी से खराब हो रही हैं। इस पर रोक लगाने और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की मांग स्थानीय नागरिक कर रहे हैं।

# स्काउट गाइड कडेट्स ने सैनिकों के लिए भेजा रक्षासूत्र

**रक्षाबंधन पर एक राखी देश के सैनिकों के नाम**



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मंशानुरूप व राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा एवं पदेन आयुक्त कृष्ण कुमार वर्मा के निर्देश पर शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुनसुनिया में गाइडर द्वारा हस्तकला कार्यशाला लगाकर गाइड कैप्टन पूरी हरपाल, रक्षा साहू, वीणा साहू के मार्गदर्शन में गाइड दुर्गा हरपाल भूमिका साहू, इमानिय निराला, खुशबू दीवान, सुनैना दीवान, तुलसी ठाकुर, मौसमी सिन्हा, किरण ठाकुर, तानिया साहू, टिया सिंह ठाकुर, कृतिका साहू, दिक्षि तांडी, नाजनीन, प्रिया साहू, आदि गाइडों ने रक्षाबंधन पर एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम का रक्षासूत्र अपने हाथों से बनाए और रक्षासूत्र उन सैनिकों को समर्पित है, जो त्योहारों में भी घर नहीं आ पाते। उन्होंने उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ राखी भेजी। गाइड विंग द्वारा बनाई गई यह राखी जिला संगठन आयुक्त अवधेश विश्वकर्मा व लीनू चंद्राकर के माध्यम से राज्य मुख्यालय भेजी जाएगी व राज्य मुख्यालय से सेना मुख्यालय नई दिल्ली भेजी जाएगी। यह हस्तकला रखी को बनाने में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया के गाइड व बालिकाओं के योगदान सरहानीय रहा।

### शहीद स्मारक में कल मनाया जाएगा कारगिल दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 27 जुलाई रविवार को शाम 5 बजे कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के गायत्री चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक का पांचवें स्थापना दिवस पर 27 जुलाई के दिन कारगिल विजय दिवस के मनाया जाएगा। भारत देश में कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।



# सशिमं में हरेली पर्व पर हुए विविध खेल प्रतियोगिता

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटेवा में 23 जुलाई को हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए कबड्डी, दौड़, रस्सी कूद, बोरा दौड़, फुगड़ी जैसे खेलो का प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें विद्यालय प्रमुख प्रधान आचार्य मायाराम ध्रुव, आचार्य तिलकचंद्र साहू, उर्वशी साहू, कौशल्या गोस्वामी, रेवती यादव, अमृता सेन, मीना चक्रधारी, ममता ध्रुव, दीपशिखा निर्मलकर, नर्मदा दीवान, गुंजा गजेंद्र उपस्थित होकर बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता रखकर बच्चो का मनोबल बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान किया।



# का बात के चिंता हे, कका अभी जिंदा हे : अंकित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

कृषि उपकरणों की पूजा, गेड़ी नृत्य, प्रकृति पूजा, पारंपरिक व्यंजन के साथ साथ लोक संस्कृति और हरेली का उत्सव मनाने का यह दिन मनाने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस सरकार ने किया और पहली बार मुख्यमंत्री निवास त्यौहार और खुशियां मनाने आमजन के लिए खुला। कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली जो श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। किसानों के लिए यह खेती-बाड़ी और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में पुनः हरेली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसी दिन युवाओं द्वारा भूपेश बघेल को पेंसिल आर्ट द्वारा बनवाई गई उनकी फोटो जिसमें का बात के चिंता है कका अभी जिंदा है लिखा हुआ है। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, वीरेंद्र शुक्ला, अभिषेक यादव, कृष्ण हरपाल, आरिफ खान, गोरे आदि मौजूद रहे।



# सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

मानसून के आगमन के साथ ही जलजनित व संक्रामक रोगों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका ने सफाई अपनाओ, बीमारियां भगाओ अभियान का शुरू किया है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशन एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे के मार्गदर्शन पर में यह विशेष स्वच्छता अभियान 31 जुलाई तक संचालित की जाएगी। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण कार्य के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत स्थानीय टाऊन हाल में नगर पालिका के सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें मानसून की विषम परिस्थितियों में कैसे स्वस्थ एंव सुरक्षित रहे इसके बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, डॉ जीएस दीवान, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज, स्वच्छ भारत मिशन की रमा महानंद, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राना, मनीषा साहू, फार्मेसिक पवन साहू आदि उपस्थित रहे।



# गांड़ा समाज का निर्वाचन: उदेराम ब्लॉक अध्यक्ष, संतलाल बने सचिव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर**









बीते दिन 20 जुलाई को गांडा समाज विकासखंड बसना का निर्वाचन हुआ जिसमें रामलाल चौहान प्रांत अध्यक्ष व पूर्व विधायक के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य बहुत ही शांतिपूर्वक हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए उदेराम चौहान कर्राभौना निर्वाचित हुए व कोषाध्यक्ष के रूप में भंवरपुर से उदयराम चौहान टेलर निर्वाचित हुए व सचिव पद के लिए भंवरपुर परिक्षेत्र से संतलाल चौहान निर्वाचित हुए। बता दें कि तीनों निर्वाचित पदाधिकारी भंवरपुर परिक्षेत्र से ही है और वर्तमान में विभिन्न पदों पर आसीन है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ गांडा समाज का ब्लॉक बसना के अध्यक्ष एंव पदाधिकारियों का तीन वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद निर्वाचन पद्धति से फिर से ब्लॉक अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव चुना गया है। प्रांताध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रामलाल चौहान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चंपत चौहान सरायपाली, पूर्व अध्यक्ष प्रेमलाल चौहान के सतत निगरानी में व मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुबेसिंह चौहान पीठासीन अधिकारी मनीराम चौहान, सहायक निर्वाचन अधिकारीगण जिला सचिव बंशी तांडी, सोमनाथ चौहान, बृजलाल चौहान, रूपलाल नंद द्वारा चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष बसना नंदकुमार चौहान, नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष पिथौरा देवेंद्र तांडी, कसडोल ब्लाक अध्यक्ष कीर्तन चौहान, सीताराम चौहान, सहाबीर चौहान सहित सरायपाली बसना विशेष अतिथि के रूप में पिथौरा विकासखंड के अध्यक्ष देवेंद्र टांडी कसडोल से कीर्तन चौहान एंव समाजिकजनों का भारी संख्या में उपस्थित होकर निवार्चन संपन्न कराया गया। समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन का कार्य ब्लॉक के सिंघनपुर गांव में हुआ। जहां निर्वाचन कार्य में सिंघनपुर परिक्षेत्र से बलराम चौहान कोषाध्यक्ष, राधे नंद अध्यक्ष मोती मुखर्जी सचिव का विशेष योगदान रहा, इन्होंने भोजन की व्यवस्था किया।

# प्रतिदिन हो रहीं कार्यशालाएं, छात्र बना रहे स्मार्ट डिवाइस और रोबोटिक मॉडल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर**

- सेजेस भंवरपुर का अटल टिंकरिंग लैब बना नवाचार और अनुसंधान का केंद्र

सेजेस भंवरपुर की अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) में इन दिनों तकनीकी नवाचार और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। विद्यालय में प्रतिदिन आयोजित की जा रही टिंकरिंग कार्यशालाओं में छात्र-छात्राएँ अत्याधुनिक उपकरणों और नवाचार आधारित सोच के साथ विज्ञान एवं तकनीक की नई उड़ान भर रहे हैं।

इन कार्यशालाओं का संचालन संस्था के प्राचार्य टीके पटेल के मार्गदर्शन में व्याख्याता प्रदीप कुमार बारीक द्वारा किया जा रहा है, जो बच्चों को सेंसर, कोडिंग, प्रोजेक्ट डिजाइनिंग आदि विषयों में गहराई से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उनके साथ मंजू चंद्रा सहायक प्रशिक्षक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ-साथ विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन कार्यशालाओं में बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं, जिससे यह प्रयास एक सामूहिक और सहयोगात्मक शिक्षण प्रक्रिया का उदाहरण बन चुका है।

### छात्रों द्वारा बनाए गए प्रमुख प्रोजेक्ट्स

स्मार्ट डस्टबिन – सेंसर से संचालित डस्टबिन जो पास आते ही अपने आप खुलता है। ऑटोमैटिक हैंड सैनेटाइज़र– बिना छुए सैनिटाइज़र देने वाला सुरक्षा उपकरण, वॉटर लेवल इंडिकेटर – पानी के स्तर का इंडिकेशन देने वाला सिस्टम। मल्टीकलर एलईडी ग्लो – एलईडी लाइटों की रोशनी से सजा क्रिएटिव डिस्प्ले। मिनी मोटर बोट– बच्चों द्वारा तैयार की गई छोटी बिजली से चलने वाली नाव। ब्लूटूथ कंट्रोल रोबोटिक कार – मोबाइल से कंट्रोल होने वाली स्मार्ट कार।



### नवाचार और प्रौद्योगिकी का मिश्रण

प्रत्येक कार्यशाला में छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से तकनीकी ज्ञान, ब्लॉक कोडिंग, प्रोग्रामिंग लॉजिक और इनोवेशन की दिशा में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। छात्र टीमों में मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे उनमें टीमवर्क, नेतृत्व, समस्या समाधान और रचनात्मकता का विकास हो रहा है। विद्यालय के प्राचार्य टिकेश्वर पटेल ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से हमारे छात्र आज तकनीक के साथ प्रयोग कर रहे हैं, और स्वयं समाधान खोजने की क्षमता विकसित कर रहे हैं। विद्यालय के सभी शिक्षकगण अपने स्तर से बच्चों को सहयोग देकर इस प्रयास को सफल बना रहे हैं। यह प्रयास हमारे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और इनोवेटिव नागरिक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह सतत चल रही कार्यशालाएं थिंक मेक इनोवेट की भावना को प्रोत्साहित कर रही है और सेजेस भंवरपुर को नवाचार व शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बना रही हैं। चित्रों में देखा जा सकता है कि छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक टीम में कार्य कर रहे हैं, कोडिंग वर्कशॉप का आनंद ले रहे हैं और अपने बनाए प्रोजेक्ट्स को परीक्षण कर रहे हैं। इस प्रकार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर शिक्षा को प्रयोगात्मक व अनुसंधान विधि से व्यवहारिक बनाकर छात्रों में रचनात्मकता व वैज्ञानिकता का विकास कर रहा है।

